<u>सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य फिट इंडिया पीटी डिस्पले</u>

दूसरे चरण के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अरविंद कुमार मिश्रा (सी0बी0एस0ई0 अधिकारी), मेजर जनरल राजीव एडवर्ड तथा सुश्री अंशु त्यागी (लोकपाल) मेरठ रहे।

द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में क्रीड़ा ध्वज का ध्वजारोहण मेजर जनरल राजीव एडवर्ड ने किया, श्री अरविंद कुमार मिश्रा ने मशाल जलाकर कार्यक्रम को गतिशीलता प्रदान की ।इस अवसर पर स्कूल बैंड, आर्मी बैंड का भी प्रस्तुतीकरण किया गया सभी गणमान्य अतिथियों ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर वातावरण को रंगीन बना दिया ।

प्राइमरी के नन्हे-मुन्नों ने अत्यंत मनोहारी नृत्य द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।नुक्कड़ नाटक के द्वारा बताया गया कि यदि हमने समय से ही जल संरक्षण नहीं किया तो पानी का व्यापार होगा, पानी तिजोरी में मिलेगा, तथा दहेज में भी सोने के स्थान पर पानी दिया जाएगा । “जल संरक्षण” पर ही “जल दे” गीत पर भव्य नृत्य प्रस्तुति दी ।कार्यक्रम में “फिट इंडिया” कैंपेन के तहत मार्च पास्ट, भिन्न प्रकार की रेस आयोजित की गई। जिसमें प्यासा कौवा, रिले रेस, पी0 टी0 बास्केटबॉल आदि भी कराए गए ।बच्चों ने अत्यंत सुंदर स्केटिंग तथा कराटे का भी मंत्रमुग्ध कर देने वाला प्रदर्शन किया ।

चीयर लीडर्स ने भी सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया । “अर्थ” डांस के द्वारा नन्हे-मुन्नों ने “जल संरक्षण” का संदेश दिया ।कार्यक्रम में योगसाधना तथा एरोबिक्स की मनमोहक प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित अतिथियों तथा अभिभावकों ने बच्चों का तालियों से उत्साह वर्धन किया ।माननीय बिशप प्रेम प्रकाश हाबिल जी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं उन्हें स्वस्थ तथा फिट रहना चाहिए । तथा यह जिम्मेदारी समाज तथा प्रत्येक व्यक्ति की है। प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी ने सभी अतिथियों तथा अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा सभी को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया ।उन्होंने कहा कि “हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के सुखद तथा स्वस्थ भविष्य के लिए आज ही से जल की एक-एक बूंद बचानी होगी क्योंकि जल है तो कल है।” अंत में स्कूल सॉन्ग का गायन किया गया ।